हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 3 नवंबर 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

टीसीएल कॉलेज में युवा संवाद, वित्त मंत्री चौधरी बोले
भीड़तंत्र से लोकतंत्र की रक्षा करना युवा की जिम्मेदारी

4



खबर संक्षेप

जिले में होने लगा ठंड का एहसास निकलने लगे शाल- स्वेटर

जांजगीर-चांपा। दीपावली के नजदी आते ही जिले में मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी है। सुबह और शाम के समय अब हल्की ठंड का एहसास होने लगा है। दिन में धूप के बावजूद शाम ढलते ही ठंडी हवा चलने लगती है। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों ने हल्के गर्म कपड़े निकाल लिए हैं। सुबह टहलने और खेतों में काम करने जाने वाले लोगों को अब ठंड महसूस हो रही है। आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है।

ओवरब्रिज पर बुलेट और कार में जोरदार भिड़ंत, महिला समेत दो घायल

जांजगीर-चांपा। जिले के खोखसा ओवरब्रिज पर सोमवार को बुलेट मोटरसाइकिल और वेरना कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला और पुरुष घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने दोनों घायलों को नायक अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आंगनबाड़ी केन्द्र सांकर में सहायिका पद के लिए आवेदन 10 तक

जांजगीर-चांपा। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सांकर क. 01 में आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त होने के कारण भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा ने बताया कि 10 नवम्बर तक ऑनलाईन लिंक मे के माध्यम से अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल डाउनलोड करते हुए आवेदन कर सकतें है। नियत समय के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। साथ ही आवेदन के समय अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल डाउनलोड न करने की स्थिति में आवेदन स्वीकृत नही किये जायेंगे।

प्रशिक्षण संचालन के लिए संस्थाओं से 13 तक लिए जाएंगे आवेदन

जांजगीर-चांपा। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी जांजगीर-चांपा में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण संचालन के लिए चैनल पार्टनर के चयन हेतु इच्छुक संस्थाओं से निर्धारित प्रपत्र में रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज ने बताया कि इच्छुक संस्थाएं निर्धारित तिथि एवं समय तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी के कार्यालय के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

5 तक विशेष ग्राम सभा का होगा आयोजन

जांजगीर-चांपा। एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत पंजीकृत कृषकों की सूची ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर अवलोकनार्थ चस्पा की जाएगी। साथ ही विशेष ग्राम सभा में 5 नवम्बर तक कृषकों के पंजीकृत खसरों में डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से दर्ज फसल विवरण का भी वाचन किया जाएगा। 5 नवम्बर को आयोजित विशेष ग्राम सभा में सोसाइटी मॉड्यूल से ऐसे पंजीकृत कृषक और उनके खसरों की सूची का प्रकाशन एवं वाचन किया जाएगा, जिनमें धान विक्रय किया जाना है। पंजीकृत सभी खसरों में डिजिटल क्रॉप सर्वे से क्या फसल लिया गया है उसका भी वाचन किया जाएगा।

राज्योत्सव पर बिखरी कला संस्कृति की छटा

हर दृष्टिकोण से समृद्ध है छत्तीसगढ़, विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही सरकार : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 26वें वर्ष पर हाईस्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित राज्योत्सव में कला संस्कृति की छटा बिखरी। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के गठन से लेकर विकास के गढते सोपान को जनता को बीच रखा। श्री कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ हर दृष्टिकोण से समृद्ध है। सरकार विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही। यही वजह है कि प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है।

इस मौके पर श्री कौशिक ने कहा कि पहले छत्तीसगढ़ अलग राज्य नहीं था। यह मध्यप्रदेश का हिस्सा हुआ करता था। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी। छत्तीसगढ़ सभी मामलों में सम्पन्न है। खनिज और लौह अयस्क के साथ ही धान के उत्पादन के मामले में अग्रणी है। छत्तीसगढ़ का धान पूरे देश की भूख मिठाता है। श्री कौशिक ने पूर्ववती कांग्रेस की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में रमन सरकार के समय से विकास का पहिया तेजी से चला। इसके बाद कुछ समय के लिए पूर्ववर्ती सरकार में कई तरह की खामियां देखने को मिली। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन की दिशा में काम कर रही है। हितग्राहियों के खाते में सीधे पैसे देकर समृद्ध बनाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ को और आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिल जुलकर काम करना पडेगा। श्री कौशिक ने केन्द्र सरकार के काम और नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि मोदी सरकार को सभी की चिंता है। गरीबों के लिए आवास बनाए जा रहे है। वहीं लोगों के लिए स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान योजना चलाई जा रही है। गृहमंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति से छत्तीसगढ़ अब नक्सल मुक्त हो चुका है। पहले छत्तीसगढ़ का नाम सुनते ही लोगों के मन में नक्सलियों का भय आता था। अब ऐसा नहीं रह गया है। बस्तर अब अपनी खुबसूरती के लिए पहचान बनाने लगा है। श्री कौशिक ने जांजगीर चांपा जिला की समृद्धि को लेकर कहा कि यहां के किसान धान की भरपूर पैदावार करते है। वहीं कोसा और कांसा भी पूरे देश में प्रसिद्ध है। कार्यक्रम को पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, पूर्व संसदीय सचिव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगडे सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

स्टॉल में जिले के विकास का प्रदर्शन

कार्यक्रम स्थल पर सरकारी विभागों द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं और विकास कार्यो को प्रदर्शित किया गया। स्टाल में पहुंचने वाले लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं प्रदर्शनी के माध्यम से विकास कार्यो को दर्शाया गया। मंचीय कार्यक्रम के बाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक व अन्य अतिथियों ने स्टॉल का निरीक्षण किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समा

राज्योत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी हुई। स्थानीय कलाकारों ने जहां लोक गीत व लोक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं सुनील मानिकपुरी ने कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर समा बांधा। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक सुनील मानिकपुरी के ग्रुप की प्रस्तुति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्त हुआ। दर्शक देर रात तक कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 32 लाख की ठगी, 2 आरोपी इंदौर के गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 32 लाख रुपए के ठगी के मामले में पुलिस ने इंदौर से दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व इसी प्रकरण में पंजाब से एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर निवासी प्रार्थी तुषारकर देवांगन ने थाना साइबर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर विजय खन्ना नामक व्यक्ति ने टेलीकॉम अथॉरिटी का अधिकारी बनकर कॉल किया। उसने कहा कि उनका मोबाइल नंबर मनीलॉन्ड्रिंग के केस में उपयोग हुआ है और कोलाबा पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज है। इसके बाद सीबीआई अधिकारी बनकर कॉल आया। कॉलर ने मनीलॉन्ड्रिंग के केस में डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी दी। प्रार्थी बुजुर्ग हैं, इसलिए डर गए। इसी डर का फायदा उठाकर आरोपियों ने पुलिस से सेटिंग कराने के नाम पर 32 लाख रुपए ठग लिए। सीबीआई और टेलीकॉम अथॉरिटी का अधिकारी बनकर कॉल किए और 24 घंटे से अधिक समय तक प्रार्थी को डिजिटल अरेस्ट में रखा। कुछ दिन बाद सभी नंबर बंद हो गए, तब प्रार्थी ने परिजनों को बताया और ठगी का खुलासा हुआ। मामले में धारा 318(4), 3(5) बीएनएस एवं 66डी आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। बैंक खाते से पहुंची पुलिस इंदौर तकविवेचना में पुलिस ने उन खातों की जांच की, जिनमें ठगी का पैसा गया था। पैसा स्लाइस स्मॉल फाइनेंस बैंक के खाते में जाना पाया गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम इंदौर रवाना हुई और दोनों आरोपियों को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए अपने खाते में पैसा लेना बताया।पुलिस ने आरोपियों के पास से बैंक खाते से लिंक मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं घटना में प्रयुक्त मोबाइल हैंडसेट जब्त किया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक भास्कर शर्मा, पीएसआई रुकसाना बनो, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, एचसी विवेक सिंह, गिरीश कश्यप का योगदान रहा।

जियो कंपनी का सुपरवाइजर बनकर 9 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी को किया गिरफ्तार

जियो कंपनी का सुपरवाइजर बनकर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर लेने और बाद में उन्हें दूसरे व्यक्ति को बेचकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में बलौदा पुलिस को एक और सफलता मिली है। मामले में फरार चल रहे आरोपी अब्दुल गफूर खान निवासी मचखंडा, थाना सीपत, जिला बिलासपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस प्रकरण में पुलिस पूर्व में दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। प्रार्थी विमलेश कुमार अहिर निवासी खिसोरा ने थाना बलौदा में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 जुलाई को सन्नी लाल पाटले और राहुल कुमार खाण्डे उसके घर पहुंचे। दोनों ने स्वयं को जियो कंपनी का सुपरवाइजर बताते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर लेने की बात कही। इसके लिए प्रत्येक ट्रैक्टर का मासिक किराया 30 हजार रुपये देने का भरोसा दिलाया गया। आरोप है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली अपने कब्जे में लेने के बाद आरोपियों ने उन्हें बिलासपुर जिले के एक अन्य व्यक्ति को करीब दो लाख रुपये में बेच दिया। प्राप्त रकम में से 50 हजार रुपये खर्च कर दिए गए। इस तरह प्रार्थी के साथ करीब 9 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने पूर्व में सन्नी लाल पाटले निवासी बम्हनीन, थाना अकलतरा तथा राहुल कुमार खाण्डे निवासी खम्हरिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था। वहीं, तीसरा आरोपी अब्दुल गफूर खान लगातार फरार चल रहा था। बलौदा पुलिस फरार आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अब्दुल गफूर खान को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

टेमर समपार ओव्हरब्रिज को लेकर जनसुनवाई में ग्रामीणों ने जताई आपत्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ग्राम पंचायत सोंठी में टेमर सम्पार के लिए प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण को लेकर ग्राम पंचायत भवन में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में स्थानीय ग्रामीणों ने सीधे ब्रिज निर्माण का विरोध करते हुए एच आकार ब्रिज बनाने का 9 सूत्रीय लिखित सुझाव सौंपा।

जनसुनवाई की शुरुआत अनुविभागीय अधिकारी सुश्री कावेरी मरकाम, तहसीलदार लीलाधर चंद्रा, सेतु निगम के अधिकारियों तथा जिला पंचायत सभापति श्रीमती विद्या सिदार की उपस्थिति में हुई। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत सोंठी के 60 प्रभावित परिवारों के नामों और विवरणों को पढ़कर सुनाया गया। इसके पश्चात सभी प्रभावित परिवारों को अपनी सहमति या असहमति दर्ज कराने के लिए प्रपत्र (फॉर्म) वितरित किए गए। जानकारी के अनुसार 30 से अधिक परिवारों ने प्रपत्र भरकर अपनी प्रतिक्रिया दर्ज कराई। बैठक में 60 प्रभावित परिवारों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने सीधे ब्रिज बनाए जाने की योजना पर गहरा रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना था कि यदि मौजूदा योजना के तहत सीधा ब्रिज बनाया जाता है, तो भारी संख्या में मकान और दुकानें टूट जाएंगी, बहुमूल्य पेड़-पौधे काटे जाएंगे और क्षेत्र के जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

दीपावली की पूर्व दिवस पर स्नेह सम्मेलन का आयोजन 7 को

बिर्रा। विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा में शनिवार 7 नवंबर को सुबह 10 से दीपावली के अवसर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा के व्यवस्थापक मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि प्रति वर्ष दीपावली मिलन मनाने की उत्सव को जारी रखते हुए संस्कार भारती जिला सक्ती के सहयोग से अपने संस्कार मित्रों और उनके परिजनो के साथ मिलन समारोह का कार्यक्रम शारदा संगीत विद्यालय बिर्रा में आचार्य चाणक्य सभागार में 7 नवंबर को समय सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मनाई जाएगी। जिसमें अतिथि के रूप में मणीलाल कश्यप ,एकादशियां साहू ,दिनेश चंद्रा ,रितेश रमण सिंह आदि उपस्थित रहेंगे । जिसमें हमारे संगीत शिक्षकों का सम्मान किया जावेगा एवं उनके द्वारा संगीत की प्रस्तुति दी जावेगी । संगीत के प्रचार प्रसार के लिए विचार प्रस्तुत किए जाएंगे। पिछले वर्ष दीपावली मिलन को कुटुंब प्रबोधन के रूप में मनाया गया था।जिसका समाज में विशेष प्रतिक्रिया परिलक्षित देखने को मिली थी । इस वर्ष का थीम अपने संगीत परिवार की भूमिका होगी।

पटवारियों ने जलाई निलंबन आदेश की कॉपी, फेडरेशन आया समर्थन में



निलंबन आदेश की प्रति जलाने संघ के पदाधिकारी।



आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे फेडरेशन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

करीबन तीन सप्ताह से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई की शुरूआत करते हुए प्रशासन द्वारा पटवारी संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष और जिलाध्यक्ष को निलंबित करने के बाद पटवारी संघ आक्रोशित हो गया। आदेश मिलने के दूसरे दिन कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन में उनके आंदोलन के समर्थन में उतरा। इस दौरान निलंबन आदेश की कापियां जलाई गई और रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि धान खरीदी को लेकर शासन द्वारा कराए जा रहे डिजीटल क्रॉप सर्वे के साथ पीवी ऐप सत्यापन कार्य में खामियां को लेकर प्रदेश भर के पटवारी बीते 13 अक्टूबर से अनिश्चिकातलीन हडताल कर रहे है। इधर धान खरीदी की तिथि नजदीक आने के साथ शासन प्रशासन द्वारा पटवारियों के खिलाफ सख्ती के साथ कार्रवाई भी की जा रही है। इसी के तहत जिले में प्रशासन द्वारा पटवारी संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष ज्योतिष सर्वे और जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव को निलंबित किया गया। इसके साथ ही हडताली समस्त पटवारियों को नोटिस जारी कर कार्य पर नहीं लौटने पर कार्रवाई की सख्त चेतावनी दी गई है। ऐसे में दो पटवारियों को निलंबित करने के दूसरे दिन सोमवार 2 नवंबर को जिले भर के पटवारी जिला मुख्यालय जांजगीर में कर्मचारी भवन के पास एकजुट हुए। पटवारी संघ के आंदोलन के समर्थन में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन भी आया। इस दौरान पटवारियों ने निलंबन आदेश की कापियां जलाई। इस मौके पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार , जिला महासचिव अर्जुन सिंह क्षत्रिय, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की महिला विंग की जिलाध्यक्ष निधि लता जायसवाल ने शासन प्रशासन की नीतियों के आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह कीकार्रवाई से शासकीय कर्मचारी डरने वाले नहीं है। उन्होंने पटवारी संघ के मांग को जायज ठहराया। तत्पश्चात सभी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान निलंबन की कार्रवाई को अनुचित ठहराते हुए अपनी बातें रखी।

सामूहिक निलंबन की मांग

निलंबन आदेश की कॉपी जलाने के बाद फेडरेशन के साथ हडताली पटवारी संघ ने अपने आंदोलन को और तेज कर दिया है। इस कड़ी में मंगलवार 3 नवंबर को सभी के सामूहिक निलंबन की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नमूने में फेल 5 प्रकरण न्यायालय में दर्ज

दीपावली पर मिलावटखोरों पर शिकंजा, डेढ़ दर्जन से अधिक खाद्य नमूने जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



खाद्य सामग्रियों की जांच करने पहुंचे अफसर।

दीपावली त्योहार पर लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले भर में कार्रवाई की है। जिसके तहत डेढ़ दर्जन से अधिक खाद्य पदार्थो के नमूने लिए गए। वहीं पूर्व में जांच के तहत फेल पाए गए खाद्य पदार्थो के मामले को लेकर न्यायालय में दर्ज कराया गया है।

ज्ञात हो कि भाग की टीम ने चांपा, अकलतरा, बलौदा, शिवरीनारायण, जांजगीर और पामगढ़ क्षेत्र में ढाबा, होटल, सुपरमार्केट, डेली नीड्स और किराना दुकानों में सघन जांच करते हुए कुल 22 खाद्य पदार्थो के नमूने लिए हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. अनीता श्रीवास्तव एवं अभिहित अधिकारी मोहित बेहरा के मार्गदर्शन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत बघेल के नेतृत्व में टीम ने सुबह से देर शाम तक विभिन्न प्रतिष्ठानों में जांच की। टीम ने दुकानों में रखे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, पैकिंग, एक्सपायरी डेट, इसेंस और साफ-सफाई की भी जांच की।जांच के दौरान टीम ने गुड़, इलायची दाना, खाजा, ग्रेवी, मखाना, पेड़ा, रसगुल्ला, कुकीज, बेसन, सूजी, मैदा, चावल, नूडल्स सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने संग्रहित किए। त्योहार के समय मिठाई, मावा, बेसन और मैदा से बने सामानों की मांग अधिक होने के कारण इन पर विशेष नजर रखी गई।

पूर्व में फेल सैंपल पर भी कार्रवाई

विभाग ने पूर्व में लिए गए नमूनों में फेल हुए 5 प्रकरणों को न्यायालय में दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि इन प्रकरणों में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जांच में यदि कोई नमूना फेल पाया जाता है, तो संबंधित दुकानदार / निर्माता के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार भारी जुर्माना एवं कारावास की कार्रवाई की जाएगी। मिलावट करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दीपावली तक जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा। मिठाई दुकानों, होटलों, किराना दुकानों और सुपरमार्केट पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। खाद्य सामग्री विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चांपा, जांजगीर, अकलतरा, शिवरीनारायण, बलौदा, नवागढ़, पामगढ़ आदि क्षेत्रों के विभिन्न मिष्ठान्न दुकानों में दबिश देकर जांच की गई।

युवक पर अटैक, बिना वैध दस्तावेज एसिड बेचने वाला दुकानदार भी आया पकड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



जिले के थाना चांपा क्षेत्र में युवक पर एसिड फेंककर हमला करने के मामले में थाना चांपा पुलिस ने महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, बिना वैध दस्तावेज एसिड बेचने के मामले में दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने 28 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि महिला से प्रेम संबंध के दौरान विवाद होने पर उसने उसके ऊपर एसिड फेंक दिया, जिससे उसके दाहिने हाथ, भुजा एवं कलाई में जलने की चोटें आईं। पुलिस ने धारा 124(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच में सामने आया कि महिला ने शौचालय की सफाई के लिए दुकान से एसिड खरीदा था। वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर सदर बाजार चांपा निवासी मोहम्मद हुसैन बोहरा, उम्र 70 वर्ष के विरुद्ध धारा 287 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार शेण्डे, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक सुरेश जट, महिला प्रधान आरक्षक पुष्पलता साहू एवं थाना चांपा पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

खबर संक्षेप

मल्दा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



बिर्रा। जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के तत्वाधान में 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं स्वर्गीय श्रीमती सीमा शुक्ला पूर्व जिला पंचायत सभापति के पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्ला हॉस्पिटल बिर्रा के चिकित्सकों के द्वारा ग्राम मल्दा में निशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का ग्राम सहित आस पास के अन्य गांव के 62 मरीजों ने लाभ उठाया। इस शिविर में नि शुल्क खून जांच ,बीपी शुगर जांच एवं नि शुल्क दवा भी ग्रामीणों को वितरण किया गया है। इस शिविर में मुख्य रूप से डॉ. शुभम शुक्ला, डॉ. विजय हांडे, डॉ. आकृति शुक्ला, डॉ. प्रकाश कुमार, श्रवण कुमार, रामावतार, सोम केवट, भोला कश्यप, राकेश पटेल, पल्लवी तिवारी, सुनील यादव, ललित केवट, माधव पटेल सहित ग्राम पंचायत मल्दा के सरपंच शशि लाला रामभगत मित्तल एवं वार्ड सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ. शुभम शुक्ला ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के प्रथम नागरिक एवं सरपंच शशि लाला राम भगत मित्तल , डॉ. शुभम शुक्ला, डॉ. विजय हांडे, डॉ. आकृति शुक्ला, डॉ. प्रकाश कुमार, श्रवण कुमार, रामावतार, सोम केवट, भोला कश्यप, राकेश पटेल, पल्लवी तिवारी, सुनील यादव, ललित केवट, माधव पटेल के अलावा ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मेहंदी में आरएसएस का विजयादशमी उत्सव के साथ पथ संचलन



राहौद। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, खंड पामगढ़ के अंतर्गत मंडल राहौद के ग्राम मेहंदी में 31 अक्टूबर को विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा अनुशासन, एकता, राष्ट्रभक्ति एवं संगठन शक्ति का परिचय देते हुए विभिन्न मार्गों से पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण तक पहुंचा तथा वहां से वापस जैतखाम के समीप आकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मेहंदी के वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश खुंटे तथा मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवानिवृत्त शिक्षक होरीलाल आदित्य उपस्थित रहे। इस मौके पर आभार व्यक्त स्वयं सेवक मानेश जांगड़े ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक के साथ गणमान्य नागरिक, सरपंच, पंचगण तथा आसपास के ग्रामों से पधारे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नंदन गुप्ता के निधन पर पार्टी ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

चांपा। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नंदन गुप्ता के निधन पर पार्टी ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। पार्टी ने उनके निधन को संगठन और समाजवादी आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है। पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर ने स्वर्गीय नंदन गुप्ता के साथ अपने लगभग पचास वर्षों के संबंधों का स्मरण करते हुए कहा कि उनका जाना केवल एक निकट सहयोगी का बिछुड़ना नहीं, बल्कि लंबे सामाजिक और वैचारिक संघर्ष के एक साथी का खो जाना है। नंदन गुप्ता जीवनपर्यंत अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। पार्टी के कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष नरसिंह साहू, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जावेद उस्मानी, जिला अध्यक्ष रामसिंह क्षत्री, जिला उपाध्यक्ष फेकन सिंह, जिला प्रवक्ता कुशल जायसवाल, संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह, सक्ती जिला पार्टी प्रभारी सोमनाथ साहू तथा पार्टी पदाधिकारियों बलराम बंजारे, अनुज और राधेश्याम सोनवानी ने भी स्वर्गीय नंदन गुप्ता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।





अनुशासन, एकता और राष्ट्रसेवा का संदेश लेकर निकले एनसीसी कैडेट्स व रासेयो स्वयंसेवक

राष्ट्र की एकता-अखंडता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर ग्राम बनाहिल स्थित श्री ऋषभ शिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय एकता, सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराध जागरूकता विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स, रासेयो स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि मुलमुला थाना प्रभारी शिवानंद सिंह ने सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी से सतर्क रहने की समझाइश दी। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक रहने के साथ अपने परिवार और समाज को भी सुरक्षित रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंतर्गत श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल के एनसीसी कैडेट्स एवं रासेयो स्वयंसेवकों के साथ शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय, अकलतरा की एनसीसी इकाई ने भी सहभागिता की। एएनओ डॉ. सुनील साहू, अरविंद मिरी एवं अनुज जैन के निर्देशन में दोनों संस्थानों के कैडेट्स और स्वयंसेवकों ने ग्राम बनाहिल के चौक-चौराहों पर देशभक्ति रैली निकालकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति की आकर्षक झलक भी देखने को मिली। छात्राओं ने सुआ गीत, पंथी नृत्य, कर्मा नृत्य, ददरिया एवं बारहमासी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। लोकगीतों और पारंपरिक नृत्यों ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। समापन अवसर पर संस्थान के सचिव अंकित जैन ने मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े एवं विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी शिवानंद सिंह को शाल एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्राध्यापक राहुल राठौर ने किया। इस अवसर पर संध्या सिंह, सरिता पटेल, मनीषा कश्यप, चंद्ररूपा कश्यप, संदीप कुर्रे, अशोक पाण्डेय, अनामिका सिंह, सुनीता पाण्डेय, पायल दास, रश्मि मरकाम, समरीन मिर्जा, राजेश, भास्कर कश्यप, विद्या जायसवाल, अविनाश चौहान, नरेंद्र पाटले, मनीष गंधर्व, आकाश दास, नीरज निर्मलकर, बृजनंदन पटेल, द्वाराम कश्यप सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, एनसीसी कैडेट्स, रासेयो स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शामिल अतिथि, साथ में एनसीसी कैडेट्स एवं स्वयं सेवक।

बैलगाड़ी यात्रा निकाल संत ऋतेश्वर ने जताई कृषि व्यवस्था और खाद्य सुरक्षा पर चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



- गौ आधारित जैविक खेती अपनाने का किया आह्वान

धार्मिक नगरीय शिवरीनारायण में ऋतेश्वर महाराज ने विशेष बैलगाड़ी यात्रा निकालकर देश की कृषि व्यवस्था, भविष्य की खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। बैलगाड़ी यात्रा शिवरीनारायण से ग्राम दुरपा पहुंची, जहां उन्होंने ग्रामीणों और कृषकों के एक बड़े समूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में बीज, डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति बंद हो गई, तो देश में अन्न उत्पादन का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। ट्रैक्टर और कृषि मशीनें खड़ी रह जाएंगी तथा किसानों के सामने खेत जोतने और अन्न पैदा करने की बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि सभ्यता विकसित होती है और अपने चरम पर पहुंचकर पुनः वहीं लौट आती है, जहां से उसका आरंभ हुआ था। आज संपूर्ण विश्व में यही स्थिति बनती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे संघर्षों ने आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा प्रभाव डाला है। यदि आज तेल की आपूर्ति बंद हो जाए तो आधुनिक कृषि उपकरण अनुपयोगी हो जाएंगे और हमें हल तथा बैल की ओर लौटना पड़ेगा। सद्गुरु ऋतेश्वर ने जैविक खेती को मानव स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि यदि वर्तमान परिस्थितियां इसी प्रकार बनी रहीं तो भविष्य में महामारी की आशंका उत्पन्न हो सकती है। इसका निदान प्राकृतिक भोजन और गौ आधारित खेती में ही निहित है। सद्गुरु ऋतेश्वर ने शिवरीनारायण से गौ आधारित जैविक खेती का अभियान प्रारंभ करने की घोषणा करते हुए किसानों से बीजों को सुरक्षित रखने, गौवंश का संरक्षण करने और प्राचीन कृषि व्यवस्था की ओर लौटने का आह्वान किया। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सालय की परिकल्पना भी व्यक्त की।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया विजयादशमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अकलतरा नगर द्वारा विजयादशमी महोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में पूजा-अर्चना के पश्चात नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य पथ संचलन निकाला गया। गणवेशधारी स्वयंसेवकों की अनुशासित कदमताल और सामूहिक एकजुटता आकर्षण का केंद्र रही।

पथ संचलन विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर कॉलेज रोड, थाना रोड, बजरंग चौक, शास्त्री चौक, सब्जी मार्केट रोड, भगवान परशुराम मार्ग, स्टेशन रोड, पोस्ट ऑफिस मार्ग, आजाद चौक एवं अंबेडकर चौक से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचा। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते संचलन ने अनुशासन, संगठनात्मक एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। समापन अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जांजगीर-चांपा जिला प्रचारक फूल सिंह यादव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने संघ की स्थापना, उद्देश्यों, शाखा पद्धति और राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठित, जागरूक और संस्कारवान समाज ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और सेवा भावना को मजबूत करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने विजयादशमी के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व सत्य, साहस और धर्म की विजय का प्रतीक है तथा अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में की थी। इसी कारण विजयादशमी संघ के लिए विशेष महत्व रखती है। अकलतरा में आयोजित महोत्सव के माध्यम से स्वयंसेवकों ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक एकता, अनुशासन और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया।

मासिक बैठक में टीएलएम प्रदर्शनी के माध्यम से गतिविधि की दी गई जानकारी

मालखरौदा। ग्राम पंचायत बंदोरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में सोमवार 2 नवंबर को पोता सेक्टर की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की शिक्षा एवं विकास से संबंधित गतिविधियों को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) की प्रदर्शनी लगाई गई। इसके माध्यम से उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न शिक्षण सामग्रियों के उपयोग एवं बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बंदोरा के सरपंच नवधाराम लालू वर्मा, पंचायत सचिव खिलेश्वर प्रसाद चंद्रा, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक विजया सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भगवती गवेल, सहायिका उर्मिला धिरहे सहित पोता सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। बैठक का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में शाला पूर्व अनौपचारिक शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाना, बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना तथा शिक्षण सामग्री के माध्यम से बच्चों को सरल, रोचक एवं प्रभावी तरीके से सीखने के लिए प्रेरित करना रहा।



नवीन कन्या महाविद्यालय में निबंध, भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती


उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

- लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय सक्ती में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। निबंध, भाषण और क्विज़ प्रतियोगिता में छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को आकर्षक नकद पुरस्कार, पेन और कॉपी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली अन्य सभी छात्राओं को भी प्रोत्साहन स्वरूप कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक राम नरेश यादव ने सबसे पहले छात्राओं को कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान, लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया और 'विकसित भारत' के संकल्प पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल ने छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' से प्रेरणा लेते हुए वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि विनोद अग्रवाल ने छात्राओं को उनके मताधिकार वोट देने के अधिकार और एसआईआर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र और चुनाव प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी है। कार्यक्रम में चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. श्याम चंद्रा विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य विजय देवांगन ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक बताया। इस सफल आयोजन के दौरान महाविद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकली एकता दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार, देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस थाना अकलतरा द्वारा प्रातः 7 बजे नगर में भव्य एकता दौड़ का आयोजन किया गया।

दौड़ के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए नागरिकों को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के हृदय स्थल शास्त्री चौक से हुआ। एकता दौड़ में एसडीओपी मेखलेंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी जय कुमार साहू, वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद धनराज सिंह चौहान सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ शास्त्री चौक से प्रारंभ होकर सब्जी मार्केट, भगवान परशुराम मार्ग, स्टेशन रोड, मस्जिद रोड एवं बजरंग चौक होते हुए पुनः शास्त्री चौक पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी मिखिलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का भारतीय राष्ट्र के निर्माण में योगदान अतुलनीय और अविस्मरणीय है। स्वतंत्रता के बाद देश की सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर उन्होंने भारत को एक सशक्त एवं संगठित राष्ट्र बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण के कारण ही उन्हें लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम को थाना थाना प्रभारी जय कुमार साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता उमाशंकर चौहान, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष फोकस, बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए अधिकारियों ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



- त्रैमासिक परीक्षा की प्रगति एवं आगामी शैक्षणिक कार्ययोजना की समीक्षा बैठक संपन्न

शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, त्रैमासिक परीक्षा के परिणामों की समीक्षा एवं आगामी शैक्षणिक कार्ययोजना को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी एम.पी. सिंह, जिला मिशन समन्वयक, रामेश्वर जायसवाल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसंत चतुर्वेदी, पूर्व बीईओ एवं वरिष्ठ प्राचार्य एस आर कुर्रे की उपस्थिति में बम्हनीडीह विकासखंड के प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक लायंस स्कूल, चांपा में आयोजित की गई।

बैठक में त्रैमासिक परीक्षा के संचालन, मूल्यांकन, परीक्षा परिणाम, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्येक संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक से परीक्षा परिणामों की जानकारी लेते हुए परिणामों में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी एम.पी. सिंह, डीएमसी रामेश्वर जायसवाल ने कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की विद्यालयवार एवं विषयवार विस्तृत समीक्षा की। इसमें कुल दर्ज विद्यार्थी, परीक्षा में शामिल एवं अनुपस्थित विद्यार्थी, 60 प्रतिशत से अधिक, 45 से 59 प्रतिशत, 33 से 44 प्रतिशत तथा 33 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या का विश्लेषण किया गया। डीईओ एम.पी. सिंह एवं डीएमसी रामेश्वर जायसवाल ने निर्देशित किया कि कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चिन्हांकित कर उनके लिए विशेष शैक्षणिक सहयोग एवं उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की जाए। विषय शिक्षक विद्यार्थियों की सीखने संबंधी कठिनाइयों को दूर करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें, ताकि आगामी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जा सकें। बीईओ बसंत चतुर्वेदी एवं पूर्व बीईओ एवं वरिष्ठ प्राचार्य एस आर कुर्रे ने जिला शिक्षा अधिकारी एम पी सिंह, डीएमसी रामेश्वर जायसवाल को बम्हनीडीह विकासखंड के सभी प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की ओर से बेहतर परीक्षा परिणाम लाने का भरोसा दिया। समीक्षा बैठक में संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

आज की युवतियां हर क्षेत्र में साबित कर रहीं नेतृत्व क्षमता : सत्यलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- 'तेजस्विनी युवती सम्मेलन' में साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य और आत्मरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित जिला स्तरीय 'तेजस्विनी युवती सम्मेलन' में युवतियों का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सम्मेलन में जिलेभर से 837 से अधिक युवतियों ने सहभागिता कर अपनी एकजुटता और सामर्थ्य का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान युवतियों ने शोभायात्रा पूरे उत्साह के साथ निकाली। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, परिषद वक्ता के रूप में राष्ट्रीय कला मंच की प्रांत संयोजिका सुश्री रिद्धिमा वर्मा, स्वागत समिति अध्यक्ष एवं एबीवीपी चाम्पा की स्थायी कार्यकर्ता तथा पर्वतारोही सुश्री अमिता श्रीवास और विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनुराधा शुक्ला उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि श्रीमती सत्यलता मिरी ने अपने संबोधन में कहा कि आज की युवतियां केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि खेल, विज्ञान, रक्षा, सामाजिक सेवा और प्रशासनिक क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा एवं नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवा रही हैं। आवश्यकता है कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए उचित अवसर और प्रोत्साहन मिले। विद्यार्थी परिषद ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। स्वागत समिति अध्यक्ष सुश्री अमिता श्रीवास ने कहा कि युवतियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने के लिए विद्यार्थी परिषद जैसे राष्ट्रवादी संगठन से जुड़ना महत्वपूर्ण है। उन्होंने राष्ट्रवाद का अर्थ समझाते हुए कहा कि राष्ट्र को सर्वोपरि रखना ही राष्ट्रवाद है। परिषद वक्ता सुश्री रिद्धिमा वर्मा ने विद्यार्थी परिषद की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि परिषद प्रतिवर्ष 'मिशन साहसी' अभियान के माध्यम से हजारों छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देती है। वहीं 'ऋतुमति अभियान' के जरिए पिछड़ी बस्तियों और वनवासी अंचलों में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाता है। सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य विमर्श और आत्मरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एवं प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समां बांधा। सुप्रसिद्ध कथक नर्तक एवं प्रशिक्षक सुभाष यादव के निर्देशन में नूपुर नृत्य संस्था की बालिकाओं ने कथक प्रस्तुति के माध्यम से कृष्ण विरह की वेदना को जीवंत कर दिया। वहीं शासकीय महाविद्यालय उमरेली की छात्राओं ने 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' विषय पर नाटक प्रस्तुत कर नारी सशक्तीकरण और बालिका शिक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला छात्रा प्रमुख अनामिका सिंह एवं नगर सहमंत्री अनामिका द्विवेदी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन अन्नू श्रीवास एवं आभार प्रदर्शन नगर मंत्री वेणुनारायण देवांगन ने किया। आयोजन को सफल बनाने में चाम्पा पीजी कॉलेज अध्यक्ष अंशिका सोनी, मंत्री सपना धीवर, उपाध्यक्ष बिंदिया देवांगन, निशु कटकवार, ऋतु कुशवाहा, अनुराधा द्विवेदी, हेमपुष्पा, हंसराज एवं विभिन्न इकाइयों की छात्रा कार्यकर्ताओं की भूमिका रही। इस अवसर पर विभाग प्रमुख प्रो. अरुण गुप्ता, जिला विद्यार्थी विस्तारक ताम्रध्वज साहू, जिला संयोजक उदय पाण्डे, सिद्धार्थ तिवारी, सुशांक शर्मा, प्रांशु गुप्ता, नितेश साहू, अनुराग त्रिपाठी, सुजल राठौर, सागर साहू, परिणय सोनी, गौरव देवांगन, आर्यन सिंह, प्रखर, आशीष देवांगन सहित परिषद के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान शोभा यात्रा निकालती युवतियां।

श्रीमान् नोटरी आफिसर महोदय जैजैपुर
जिला-सक्ती (छ.ग.)
शपथ पत्र
सक्षम अधिकारी के पास पेश करने बाबत्।

शपथकर्ती - मैं आवेदिका मनीषा उरांव 18 वर्ष, पिता श्री संतराम उरांव जाति उरांव निवासी गुचकुलिया पो. तुषार थाना व तहसील जैजैपुर जिला सक्ती छत्तीसगढ़ की निवासी हूँ।

1. यह कि मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करती हूँ। कि मैं उपरोक्त वर्णित नाम व पते की निवासी हूँ। 2. यह कि मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करती हूँ कि मेरा नाम भारत सरकार के द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसका क्रमांक 3467 4636 4268 है जिसमें मेरा नाम त्रुटि वश मनीष कुमारी उरॉव (MANISH KUMARI URANW) पिता संतराम उरॉव (SANTRAM URANW) के नाम से अंकित हो गया है। 3. यह कि मेरा कक्षा 10वीं की अंक सूची में सही नाम मनीषा (MANISHA) पिता संतराम उरॉव (SANTLAL URANW) है। जो कि मेरे पिता का नाम मेरे 10वीं के अंक सूची में गलत अंकीत है। जो कि मेरे पिता का नाम दोनो नाम मेरे पिता के ही नाम है। अतः मेरे द्वारा यह शपथपत्र प्रस्तुत है कि मेरा नाम संशोधन कर सही नाम मनीषा उरॉव (MANISHA URANW) पिता संतराम उरॉव (SANTRAM URANW) के नाम से नया आधार कार्ड प्रदान किया जावे जिस संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

दिनांक 02/11/2026

शपथकर्ती
मनीषा उरांव

सत्यापन

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि इस शपथपत्र की कंडिका क्र. 1 से 3 तक की बाते मेरे स्वयं की जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। जिसे मु.जैजैपुर में आज दिनांक 02/11/2026 को सत्यापित क्रिया।

शपथकर्ती
मनीषा उरांव

खबर संक्षेप

स्नेह सम्मेलन 7 को, संगीत शिक्षकों का होगा सम्मान

बिर्रा। विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा में दीपावली के अवसर पर 7 नवंबर, शनिवार को स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक महाविद्यालय के आचार्य चाणक्य सभागार में होगा। इसमें संगीत जगत से जुड़े लोगों के साथ संस्कार मित्र एवं उनके परिजन शामिल होंगे। इस संबंध में शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा के व्यवस्थापक मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मणीलाल कश्यप, एकादशियां साहू, दिनेश चंद्रा एवं रितेश रमण सिंह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर संगीत शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही संगीत शिक्षकों द्वारा सांगीतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी तथा संगीत के प्रचार-प्रसार को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि पिछले वर्ष दीपावली मिलन समारोह को कुटुंब प्रबोधन के रूप में मनाया गया था, जिसे समाज में विशेष सराहना मिली थी। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'अपने संगीत परिवार की भूमिका' रखी गई है। इसके माध्यम से समाज के प्रबुद्ध वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने, लोगों को आपसी जुड़ाव के सूत्र में बांधने तथा संगीत परिवार की सामाजिक भूमिका पर विचार किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों एवं रूपरेखा को अंतिम रूप देने में महाविद्यालय के प्राचार्य केआर कश्यप, वरिष्ठ संगीत शिक्षक एनआर भारद्वाज, केएल यादव एवं बीपी शुक्ला सहित अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

ग्रामीणों ने लिया छत्तीसगढ़ की संस्कृति और समृद्धि के संवर्धन का संकल्प

मालखरौदा। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को मॉडल ग्राम पंचायत बंदोरा में उत्साह और गौरव के साथ राज्योत्सव



मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर सरपंच नवधा लालू गबेल एवं पंचायत सचिव खिलेश्वर प्रसाद चंद्रा ने विधि-विधान से माल्यार्पण कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान सरपंच एवं सचिव ने छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना करते हुए विशेष रूप से अन्नदाताओं की समृद्धि, खेतों में अच्छी फसल और किसानों के जीवन में खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रदेश की कृषि संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली विरासत को सहेजने का संदेश भी दिया।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने राज्य स्थापना दिवस की खुशियां साझा करते हुए छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और विकास को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। आयोजन के दौरान ग्राम पंचायत परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।

सेवानिवृत्त होने पर सहायक संचालक को दी गई विदाई



जांजगीर-चांपा। क्षेत्रीय कार्यालय जांजगीर-चांपा में सहायक संचालक (योजना) के पद पर पदस्थ कपिल नाथ सोनी के अधिवर्षिकी आयु पूर्ण करने पर उन्हें शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके सेवाकाल की सराहना की तथा स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विदाई अवसर पर उप संचालक श्रीमती शाश्वती कर्मोकर घोष, सहायक संचालक लक्ष्मीचंद देवांगन, उमाशंकर खांडे, अन्वेषक तथा देवेंद्र कुमार श्रीवास, सहायक ग्रेड-1 प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ कार्यालय के कर्मचारी गुलाब यादव, शुभम सिंह, सुभाष कुर्रे एवं सूरज खोटे भी मौजूद रहे। इस दौरान सहकर्मियों ने श्री सोनी के कार्यकाल को याद करते हुए उनके अनुभव, कार्य के प्रति समर्पण एवं सहयोगात्मक व्यवहार की सराहना की।

लायंस डी.ए.वी. स्कूल में कार्यशाला

अकलतरा। विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने, स्वच्छता की अच्छी आदतें विकसित करने तथा चिकित्सकीय आपातकालीन परिस्थितियों में उचित कदम उठाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से लायंस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, अकलतरा में तीन विशेष जागरूकता कार्यशालाओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम को विद्यार्थियों की आयु एवं आवश्यकताओं के अनुरूप तीन अलग-अलग सत्रों में विभाजित किया गया। प्रथम कार्यशाला कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर आयोजित की गई। इसमें श्रीमती अनीता जोगी, श्रीमती गिरिजा बंजारे, श्रीमती नीता सिंह चंदेल एवं सुश्री ज्योति साहू ने बच्चों को स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। चिकित्सकीय टीम ने हाथों की नियमित सफाई, स्वच्छ खान-पान, व्यक्तिगत साफ-सफाई तथा स्वस्थ दिनचर्या अपनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल एवं रोचक तरीके से समझाया। द्वितीय कार्यशाला कक्षा 6 से 11 तक के छात्राओं के लिए तथा तृतीय कार्यशाला कक्षा 6 से 7 तक के छात्रों के लिए अलग-अलग आयोजित की गई। दोनों कार्यशालाओं का विषय 'प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सकीय आपातकाल रहा। इन सत्रों में डॉ. हर्ष केडिया, श्रीमती मधुलिका श्रीवास, सुरेंद्र खरे (फार्मेसिस्ट),एवं अन्य चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार की आवश्यकता, सामान्य दुर्घटनाओं एवं अचानक उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन परिस्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों तथा समय पर चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करने के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सीमा देवनाथ ने अतिथि चिकित्सकों एवं उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने टीसीएल कॉलेज में विधानसभा स्तरीय युवा संवाद एवं छात्र प्रतिस्पर्धा का किया आयोजन

टीसीएल कॉलेज में युवा संवाद, वित्त मंत्री चौधरी बोले भीड़तंत्र से लोकतंत्र की रक्षा करना युवा की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कार्यक्रम को संबोधित करते वित्तमंत्री ओपी चौधरी एवं मंचस्थ अन्य अतिथिगण।

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा रविवार को बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल महाविद्यालय जांजगीर में जांजगीर विधानसभा स्तरीय युवा संवाद एवं छात्र प्रतिस्पर्धा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र भगाओ, लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ रखा गया था, जिस पर युवाओं ने खुलकर चिंतन-मंथन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है और युवा उसकी सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में कुछ ताकतें सुनियोजित तरीके से भीड़तंत्र और अराजकता फैलाकर लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। ऐसी शक्तियों से लोकतंत्र की रक्षा करना आज के युवा की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। युवाओं को अफवाहों से बचना होगा और अपने विवेक व संविधान पर भरोसा रखना होगा। वित्त मंत्री चौधरी ने युवाओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को केवल योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत के संकल्प में बराबर का भागीदार बनाया है। उन्होंने केंद्र सरकार की युवा हितैषी योजनाओं स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा योजना, अग्निवीर योजना, खेलो इंडिया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की विस्तृत जानकारी दी और युवाओं से इन योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा की संगठनात्मक संरचना एस.आई.आर. - सदस्यता, सक्रियता और राष्ट्रवाद पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं को सदस्यता से सक्रियता और फिर राष्ट्रवाद की भावना तक ले जाती है। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में प्रधानमंत्री मोदी के उत्कृष्ट कार्यों और दूरदर्शी नेतृत्व को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान युवाओं से किया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जिला संगठन प्रभारी रामदेव कुमावत, भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, जिला महामंत्री नंदनी रजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, जिला प्रवक्ता विकास शर्मा सहित अमर सुल्तानिया, प्रशांत सिंह ठाकुर, राकेश रूपवानी, अनिल शर्मा, पुष्पेंद्र निर्मलकर, अभिषेक पांडेय, ललित कश्यप, हितेश यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश सिंह एवं उनकी पूरी टीम द्वारा किया गया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य दुजेराम लहरे ने सभी अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



तीन शासकीय विद्यालयों में लगा विधिक जागरूकता शिविर, बच्चों को बताए सुरक्षा और अधिकारों के उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

तालुका विधिक सेवा समिति, सक्ती के तत्वावधान में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत सोमवार 2 नवंबर को जिले के तीन शासकीय विद्यालयों में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

अभियान के तहत द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति सक्ती की अध्यक्ष श्रीमती लीना अग्रवाल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा में शिविर लेकर विद्यार्थियों को सुरक्षित बचपन अभियान के उद्देश्य और महत्व से अवगत कराया। वहीं प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत कुमार शिवहरे ने शासकीय हाई स्कूल सकरेली तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमारी अंकिता देवदास ने शासकीय हाई स्कूल परसदाखुर्द में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट), बाल शोषण एवं बाल उत्पीड़न से बचाव और गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने अधिकारों की जानकारी होना जरूरी है, ताकि वे किसी भी अनुचित व्यवहार अथवा शोषण की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रख सकें। न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को घर से विद्यालय आने-जाने के दौरान सतर्क रहने और अनजान व्यक्तियों से सावधान रहने की समझाइश दी।

विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई नवाचार की ताकत, मॉडलों से गढ़ी विकसित समाज की तस्वीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा, रचनात्मक क्षमता और नवाचार को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन के सचिव दीपक कुमार राठौर एवं कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल के सान्निध्य में आयोजित प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, वैज्ञानिक सोच और तकनीकी कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित विज्ञान एवं तकनीकी मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

■ गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

प्रदर्शनी में सोलर सिस्टम, पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट सिटी, जल संरक्षण, वन सुरक्षा, यातायात एवं परिवहन सुरक्षा, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत सहित दैनिक जीवन को सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने वाली तकनीकों पर आधारित मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से आधुनिक विज्ञान की उपयोगिता बताने के साथ ही भविष्य की चुनौतियों के समाधान की संभावनाएं भी प्रस्तुत कीं। पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन, प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, वन्यजीवों की सुरक्षा और सौर ऊर्जा से जुड़े मॉडलों ने प्रकृति के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। वहीं स्मार्ट सिटी और यातायात सुरक्षा से संबंधित परियोजनाओं ने विकसित एवं सुरक्षित समाज की परिकल्पना को साकार रूप में प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली, उनमें निहित वैज्ञानिक सिद्धांतों और उनकी उपयोगिता को विस्तार से समझाया। इससे उनकी विषयगत समझ, तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास भी देखने को मिला। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन के सचिव दीपक कुमार राठौर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि किसी समस्या को देखकर उसके कारण और समाधान के बारे में प्रश्न करना ही वैज्ञानिक सोच की वास्तविक शुरुआत है। नई पीढ़ी में भविष्य की चुनौतियों को समझने और उनका समाधान खोजने की भरपूर क्षमता है। आज विश्व को ऐसे वैज्ञानिकों की आवश्यकता है, जो केवल व्यक्तिगत विकास के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए कार्य करें। भारतीय दर्शन का आदर्श 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' भी यही प्रेरणा देता है कि ज्ञान और प्रतिभा अधिक से अधिक लोगों के हित एवं सुख का माध्यम बने। कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि आधुनिक शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि उन्हें ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग करना सिखाना है। विद्यार्थियों को स्वयं सोचने, प्रयोग करने, प्रश्न पूछने और अपनी कल्पनाओं को वास्तविकता में बदलने के लिए निरंतर प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े आविष्कारों के पीछे जिज्ञासा, कल्पनाशक्ति और असफलताओं से सीखने की क्षमता होती है। इसलिए किसी प्रयोग में असफल होने पर निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

विभिन्न कक्षाओं के लिए गठित की गईं निर्णायक समितियां-विज्ञान प्रदर्शनी के मूल्यांकन के लिए कक्षावार निर्णायक मंडल गठित किए गए थे। कक्षा पहली से दूसरी के समूह में प्रीति सिंह एवं प्राची राणा, कक्षा तीसरी से पांचवीं के समूह में देवानंद सिन्हा एवं भावना दुबे, कक्षा छठवीं से आठवीं के समूह में नंद कुमार माहेश्वरी एवं तान्या सोनी, कक्षा नौवीं से दसवीं के समूह में गरिमा कुर्रे एवं आंचल पांडेय तथा कक्षा ग्यारहवीं से बारहवीं के समूह में आशा राठौर एवं नीलकांत यादव निर्णायक के रूप में शामिल रहे। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

लायंस स्कूल के विद्यार्थियों ने देखी छत्तीसगढ़ की 36 भाजियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बहेराडीह में स्थित देश के पहले किसान स्कूल का लायंस स्कूल चाम्पा में अध्यनरत कक्षा 9 वीं के 74 छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन ने भ्रमण कराया। इस दौरान बच्चों ने वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल परिसर में छत्तीसगढ़ की 36 प्रमुख भाजियों की इकाई का अवलोकन किया। इसके साथ घर के छत पर टेरेस गार्डनिंग, डेयरी, जैविक खाद निर्माण इकाई, गोमूत्र इकाई, गोबर गैस सयंत्र, केचुआ पालन इकाई, जैविक कीटनाशक इकाई, अंजोला इकाई, अक्षय चक्र कृषि मॉडल, मधुमक्खी पालन इकाई, धरोहर आदि का अवलोकन किया।

वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने भ्रमण में पहुंचे लायंस क्लब चाम्पा के शिक्षकों व विद्यार्थियों को बताया कि उनकी टीम के सलाहकार सदस्य



रामाधार देवांगन ने चेच भाजी और अमारी भाजी के रेशे से कपड़ा हैंडलूम से बनाया है। पशु सखी पुष्पा यादव ने विद्यार्थियों को डेयरी प्रबंधन और डेयरी उत्पाद की जानकारी दी। किसान स्कूल बहेराडीह में पहली बार पहुंची लायंस क्लब चाम्पा की प्राचार्य अजिता व्ही के ने बताया कि किसान स्कूल में पहली बार इतना अच्छा संग्रहालय 'धरोहर को देखा, जहां बड़े पैमाने विलुप्त चीजों को किसान स्कूल की टीम ने भारत के अलग-अलग राज्यों के लोगों के सहयोग से सहेजकर रखा है। इसके साथ ही पहली बार छत्तीसगढ़ की 36 प्रमुख भाजियों की इकाई, चेच भाजी, अमारी भाजी, अलसी, केला, भिंडी के रेशे से बनी रंग-बिरंगी आकर्षक राखियां और कपड़ा देखने को मिला। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बताया कि गेंदा की कई उन्नत किस्में तो देखा था, लेकिन किसान स्कूल परिसर में जंगली पीला गेंदा पहली बार देखा। इसके साथ ही बच्चों ने पहली बार 12 प्रजाति की जंगली तीखी मिर्च और मधुमक्खी पालन इकाई को पहली बार देखा, फिर खूब प्रभावित हुए। भ्रमण कार्यक्रम में लायंस स्कूल चाम्पा की प्राचार्य अजिता व्ही के समेत उनके सहयोगी शिक्षक शिवकुमार यादव, ओमप्रकाश पाण्डेय, नमन देवांगन, सुश्री जया अग्रवाल और स्कूल के कक्षा 9 वीं के 74 छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से शामिल रहे।





स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 3 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा (17:00), बिलासपुर (19:30), रायपुर (21:30)
दुर्ग (22:30) एवं गोंदिया (01:00) बजे से होकर।
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
सरिर : स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
सम्पर्क नंबर :- 9165-411411